तुरंत प्रेस विज्ञप्ति Press Release IMMEDIATE

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे
SOUTH EAST CENTRAL RAILWAY

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

मुख्यालय जनसंपर्क कार्यालय, भूतल, बी ब्लाक, महाप्रबंधक कार्यालय, द.पू.म.रे.बिलासपुर–495004
Headquarters Public Relations Office, Ground floor, 'B' block, GM Office, SECR Bilaspur-495004

SECR website- www.secr.indianrailways.gov.in, SEC Railway SEC Railway

नं. 349/2019–20 बिलासपुर, दिनांक 07/09/2019

दुर्ग–निजामुद्दीन हमसफर एक्सप्रेस के समय–सारिणी में परिवर्तन कर दिनांक 8 अक्टूबर 2019 से इसकी गति बढाई जा रही है"

"निजामुद्दीन तक यात्रा करने वाले रेल यात्रियों की 2 घंटे 05 मिनट तक की कीमती समय की होगी बचत"

बिलासपुर– 07 सितम्बर' 2019

रेलवे प्रशासन द्वारा दिनांक 08 अक्टूबर 2019 से गाडी संख्या 22867 दुर्ग–निजामुद्दीन द्वि–साप्ताहिक हमसफर एक्सप्रेस एवं 12856 ईतवारी–बिलासपुर इंटरसिटी एक्सप्रेस की समय–सारिणी में परिवर्तन किया जा रहा है। इस गाडी में यात्रा करने वाले यात्रियों की यात्रा को मंगलमय बनाने तथा कम से कम समय में उनके गंतव्य तक पहुंचाने के लिए इस गाडी की गति को बढाई जा रही है। दिनांक 08 अक्टूबर, 2019 से दुर्ग से निजामुद्दीन तक यात्रा करने वाले यात्रियों के यात्रा समय में 02 घंटे 05 मिनट की बचत होगी अर्थात इस गाडी के यात्रीगण 02 घंटे 05 मिनट पहले निजामुद्दीन पहुंच जाएंगे।

दुर्ग–निजामुद्दीन, हमसफ़र एक्सप्रेस की गति वृद्धि में सहायक कारण :– हमसफ़र एक्सप्रेस को दुर्ग से निजामुद्दीन तक पहुंचाने मैं 2 घंटे 5 मिनट की कटौती के लिए इसके अधिकतम गति में किसी भी प्रकार की वृद्धि नहीं की गई है बल्कि आधुनिक तकनीक एवं मेंटेनेंस कार्य की बदौलत यह कार्य मुमकिन हुआ है जो इस प्रकार है।

इस गाड़ी की स्पीड में बढ़ोत्तरी के लिए गाड़ी की रिकवरी टाइम को कम किया गया है अर्थात सेक्शन में गाड़ी को लगने वाले समय को मेकअप किया गया है ।

✓ इस गाड़ी की गति में बढ्ढोत्तरी के लिए एक महत्वपूर्ण कारक के रूप में आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल भी है जिसमें आजकल इंजनों में **RTIS** रियल टाईम इंफॉर्मेशन सिस्टम स्थापित होने से गाड़ी की गति की जानकारी लगातार कंट्रोल रूम को अपडेट होते रहती है और इससे काफी समय की बचत हो रही है ।

✓ गाड़ी की गति में बढ़ोत्तरी के लिए इसके स्टापेज समय में कमी की भी महत्वपूर्ण भूमिका है जो कि महत्वपूण स्टेशनों में जहां पर ट्रेन में पानी भरी जाती है वहां पर क्विक वाटरिंग सिस्टम आदि की स्थापना से पानी भरने में पहले 15 मिनट लगने वाला समय महज 5 मिनट होने को भी जाता है । इस गाड़ी के मार्ग पर रायपुर, बिलासपुर, उसलापुर, शहडोल आदि स्टेशनों पर क्विक वाटरिंग सिस्टम लगाए गए है ।

✓ इस गाड़ी की गति में बढ़ोत्तरी के लिए एक और भी महत्वपूर्ण कारक है जिससे यह कार्य संभव हुआ है । अभी हाल के दिनों में रेल लाइनों पर काफी बड़े पैमाने पर ब्लाक आदि लेकर मेंटेनेंस व रखरखाव तथा सिग्नलिंग के कार्य किए गए है जो कि ट्रेनों के बाधारहित व सुचारू परिचालन के लिए अनुकूल है ।

दिनांक 08 अक्टूबर, 2019 से दुर्ग से निजामुद्दीन के बीच चल रही 22867 दुर्ग–निजामुद्दीन द्वि–साप्ताहिक हमसफर एक्सप्रेस की समय सारणी में परिवर्तित किया जा है। इस गाडी की परिवर्तित विस्तृत समय–सारिणी इस प्रकार है–

स्टेशन का नाम	वर्तमान समय–सारिणी		परिवर्तित समय सारिणी (08 अक्टूबर 2019 से लागू)	
	आगमन	प्रस्थान	आगमन	प्रस्थान
दूर्ग	......	07.10	....	10,55
रायपुर	07.45	07.50	11.30	11.35
भाटापारा	08.40	08.42	12.25	12.27
उसलापुर	09.50	10.00	13.40	13.50
पेंण्ड्रारोड	11.30	11.32	15.14	15.16
अनूपपुर	12.20	12.22	15.57	15.59
शहडोल	13.03	13.05	16.40	16.42
उमरिया	14.08	14.10	17.45	17.47
कटनी मुरवारा	15.30	15.40	19.20	19.30
दमोह	16.58	17.00	20.53	20.55
सागर	17.58	18.00	21.58	22.00
झांसी	21.30	21.40	01.01	01.06
ग्वालियर	23.10	23.15	02.05	02.07
आगरा केंट	00.50	00.55	03.38	03.40
मथुरा	01.40	01.42	04.13	04.15
निजामुद्दीन	04.30	....	06.10	....

....

दिनांक 08 अक्टूबर, 2019 से <u>12856 ईतवारी–बिलासपुर इंटरसिटी एक्सप्रेस</u> का रायपुर एवं बिलासपुर के बीच की समय–सारिणी में आशिक परिवर्तन किया जा रहा है। जो इस प्रकार है –

स्टेशन का नाम	वर्तमान समय–सारिणी		परिवर्तित समय सारिणी (08 अक्टूबर 2019 से लागू)	
	आगमन	प्रस्थान	आगमन	प्रस्थान
रायपुर	11.30	11.35	11.45	11,50
सिलियारी	11.58	12.00	12.13	12.15
तिल्दा	12.15	12.17	12.30	12.32
भाटापारा	12.36	12.38	12.53	12.55
बिल्हा	13.08	13.10	13.25	13.27
बिलासपुर	13.45	.....	13.55	....

....